# शिक्षक ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के वाहक : परमार

## निटर के 62 वें स्थापना दिवस समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री ने ऑनलाइन कोर्स का किया शुभारंभ




**भोपाल, 7 अप्रैल. नई शिक्षा नीति के प्रभावी प्रयोग में शिक्षकों की भूमिका पर जोर देते हुए उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि शिक्षक ही इसके मुख्य वाहक हैं और उन्हें सशक्त बनाना देश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की कुंजी है, वे राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) भोपाल में आयोजित 62वें स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन संबोधित कर रहे थे.**

इस अवसर पर उन्होंने 11 इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स का शुभारंभ किया. मंत्री परमार ने कहा कि निटर भोपाल ने अपने निरंतर प्रयासों से देश में एक विशिष्ट पहचान बनाई है, साथ ही उन्होंने मध्यप्रदेश के अन्य संस्थानों को भी इसी मॉडल पर विकसित करने पर जोर दिया. इस अवसर पर संस्थान का प्रशिक्षण कैलेंडर भी जारी किया गया, जिसमें उच्च शिक्षा विभाग के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं.

अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने कहा कि विभाग, एनआईटीटीटीआर के साथ मिलकर शिक्षकों के कौशल को और अधिक मजबूत करेगा.

कार्यक्रम में भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल के निदेशक प्रो. गोबर्धन दास ने कहा कि भारत पुन: विश्व गुरु बनने की दिशा में अग्रसर है, जिसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी, वहीं प्रो. खेमसिंह डेहरिया ने इन पाठ्यक्रमों को देश के विश्वविद्यालयों के लिए उपयोगी बताया.

संस्थान के प्रो. चंद्र चारु त्रिपाठी ने कौशल आधारित शिक्षा पर बल देते हुए छात्रों को इन पाठ्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया. अंत में वृक्षारोपण, निबंध प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए.

# नवकार महामंत्र के ब्रोशर का विमोचन

▸ कल भारत सहित 108 देशों में एक साथ होगा जाप



**भोपाल, 7 अप्रैल. विश्व शांति, मानव कल्याण की कामना के साथ नवकार महामंत्र का जाप जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन जीतो के तत्वावधान में 9 अप्रैल को संपूर्ण भारत सहित विश्व के 108 देशों में एक साथ होगा.**

भोपाल में जवाहर चौक जैन मंदिर परिसर में आचार्य विद्यासागर महाराज, आचार्य समय सागर महाराज के शिष्य निर्यापक मुनि संभव सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में प्रात: 7.30 से 9.30 तक जाप होगा. जीतो के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत जैन, सचिव वैभव चौधरी सीए ने बताया राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न सामाजिक संगठन को आमंत्रित किया है. राज्यपाल ने नवकार महामंत्र ब्रोशर का विमोचन किया. इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. प्रशांत जैन, सचिव वैभव चौधरी सीए, सुनील जैन, मनोज पारेख, महिला विंग की प्रतिभा टोंग्या, पूजा जैन मौजूद थे.



# रेनो ने भारत में लांच की नई डस्टर 2026

**भोपाल, 7 अप्रैल. रेनो ने भारत में अपनी नई डस्टर 2026 को लॉन्च कर दिया है। इस एसयूवी में दमदार डिजाइन, प्रीमियम इंटीरियर, लेवल-2 एडीएएस सेफ्टी फीचर्स और हाइब्रिड इंजन विकल्प देखने को मिलेंगे.**

पांच वेरिएंट्स में आने वाली यह कार शानदार फीचर्स और ऑफर्स के साथ कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में फिर से मजबूत वापसी कर सकती है.कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में राज करने वाली आइकॉनिक रेनो डस्टर ने एक बार फिर से धमाकेदार एंट्री की है. इसकी शुरुआती कीमत करीब 10.49 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है. मंगलवार को भोपाल में सबसे पहले लोकल डीलर का नाम बताने वाले ग्राहक रिदविक पवार को नए वाहन की चाबी सौंपी गई. सौम्या ऑटो की ऑनर श्वेता अग्रवाल, मुख्य अतिथि औबेदुल्लागंज की एसडीओपी श्रीमती श्रेया और डीलरशिप अधिकारी राजीव चौधरी भी उपस्थित थे.

## पाल समाज के सौ जोड़ों का विवाह 19 अप्रैल को

**भोपाल, 7 अप्रैल.** अखिल भारतीय पाल समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन राजधानी के दशहरा मैदान में 19 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा. इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में 100 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे.

## बीयू : पीएचडी कोर्स वर्क की कक्षाएं 24 से

**भोपाल, 7 अप्रैल.** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) द्वारा पीएचडी में 2024-25, 2025-26 के अंतर्गत पीएचडी में प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थियों के कोर्स वर्क की कक्षाएं 24 अप्रैल से शुरू कराई जाएंगी. यूजीसी नेट की मेरिट पर चयनित छात्र-छात्राओं के लिए यह राहत की खबर है.

# अभियोजन न्याय की अहम कड़ी : पूर्व जस्टिस आर्य

**पांच दिवसीय अभियोजन प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित**



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 7 अप्रैल. केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण संस्थान भोपाल में आयोजित पांच दिवसीय अभियोजन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है. संचालक लोक अभियोजन बी.एल. प्रजापति ने पूर्व न्यायमूर्ति को इस मौके पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया.**

संभागीय जनसम्पर्क अधिकारी/एडीपीओ मनोज त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व न्यायमूर्ति रोहित आर्य की उपस्थिति रही, कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश के अभियोजन निदेशक बी.एल. प्रजापति ने की.

त्रिपाठी ने बताया कि पांच दिवसीय कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से आए न्यायिक अधिकारी, फॉरेंसिक अधिकारी, जेल अधिकारी, पुलिस अधिकारी तथा मध्यप्रदेश के अभियोजन अधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं. मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति आर्य ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि अभियोजन न्याय की महत्वपूर्ण कड़ी है. आपराधिक न्याय व्यवस्था में न्यायाधीश, अभियोजन, पुलिस एवं फॉरेंसिक सभी एक महत्वपूर्ण अंग हैं. उन्हें निरंतर प्रशिक्षित किया जाना आवश्यक है. पूर्व न्यायमूर्ति आर्य ने अपने अनुभवों के आधार पर न्यायिक प्रणाली में समन्वय, साक्ष्य की गुणवत्ता एवं प्रभावी अभियोजन के महत्व पर भी प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि न्यायिक, पुलिस, अभियोजन एवं फॉरेंसिक तंत्र के बीच समन्वित कार्यप्रणाली से ही न्याय व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जा सकता है. कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल विकसित करने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे वे अपने-अपने क्षेत्रों में और अधिक दक्षता के साथ कार्य कर सकेंगे.

# बीएचईएल में उन्नत सीएनसी प्रणाली का शुभारंभ



बीएचईएल संवाददाता

**भोपाल, 7 अप्रैल. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), भोपाल ने अपने आधुनिकीकरण एवं तकनीकी उन्नयन अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए ब्लॉक-1ए में स्थापित प्रो-आर्क फ्लेम कटिंग मशीन के लिए उन्नत सीएनसी पीएलसी ड्राइव मोटर प्रणाली का शुभारंभ किया.**

इस उन्नत प्रणाली का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक पी. के. उपाध्याय द्वारा किया गया. इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारीगण, जिनमें अशिष औरंगाबादकर (महाप्रबंधक, डब्ल्यूईएक्स एवं एमओडी), राजेश अग्रवाल (महाप्रबंधक, एसओएम) तथा आलोक सेंगर (महाप्रबंधक, फैब्रिकेशन) उपस्थित रहे.

यह उन्नयन विनिर्माण प्रक्रियाओं में दक्षता, सटीकता एवं विश्वसनीयता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. उन्नत प्रो-आर्क फ्लेम कटिंग मशीन से उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ-साथ फैब्रिकेशन कार्यों में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित होने की उम्मीद है. यह उपलब्धि बीएचईएल भोपाल की अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने और अपनी विनिर्माण क्षमताओं को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो देश के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है.

## आज 50 इलाकों में होगी बिजली कटौती

**भोपाल, 7 अप्रैल.** शहर के 50 इलाकों में बुधवार 8 अप्रैल को मेंटनेंस के लिए बिजली कटौती होगी. बुधवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक सात नंबर स्टॉप, ई-1 और ई-2, प्रियदर्शनी नगर, गौतम नगर, पंचशील नगर, सोनिया पार्क, सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक अटलांटिस कॉलोनी, त्रिभुवन कॉलोनी, रामायण साउथ एवेन्यू फेस 1 और 2,सिग्नेचर सिटी, शिव कस्तूरी वाटिका, निकुंज हाइट, शंकराचार्य सैफरॉन पैलेस, हेवेंस लाइफ कॉलोनी, कस्तूरी कॉलोनी. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बाग फरहत अफजा, ऐशबाग, जनता क्वार्टर, ग्रीन वैली, कोलुआ, सागर लैंड मार्क सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी.

# एम्स में सर्जरी का नया हुनर, बच्चों को राहत

▸ मरीजों को अब बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा




नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 7 अप्रैल. एम्स भोपाल के बर्न्स और प्लास्टिक सर्जरी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अभिनव सिंह ने हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय लाइव ऑपरेटिव वर्कशॉप में हाइपोस्पेडियस सर्जरी का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है.**

जिसके बाद अब एम्स में ऐसे बच्चे, जिनमें पेशाब का रास्ता सामान्य स्थान पर नहीं होता या टेढ़ापन भी होता है. उन्हें आधुनिक तकनीक के माध्यम से सर्जरी कर अधिक सटीकता और प्रभावी इलाज दिया जा सकेगा. पहले इस तरह की जटिल सर्जरी के लिए मरीजों को बड़े शहरों की ओर जाना पड़ता था. अब एम्स में ही बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी. इससे बच्चों को समय पर इलाज मिलेगा और परिवारों का खर्च और परेशानी दोनों कम होंगे.

एम्स भोपाल में पहले भी यह सर्जरी होती रही है, लेकिन नए प्रशिक्षण के बाद तकनीक और कौशल दोनों में और सुधार हो सकेगा. वहीं अब जटिल मामलों को भी अधिक आत्मविश्वास और सटीकता के साथ संभाला जा सकेगा. वहीं एम्स में हर गुरुवार को हाइपोस्पेडियस क्लिनिक चलाया जा रहा है, जहां मरीजों की जांच और उपचार एक ही जगह पर किया जाता है.

## एक नजर में



### डॉ. मालवीया प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बने

**भोपाल, 7 अप्रैल.** श्री सहस्त्रबाहु कलचुरी महासभा कलार समाज की बैठक मंगलवार को कलचुरी भवन में महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विंग कमांडर विनोद कुमार राय के नेतृत्व में हुई. बैठक में 28 अप्रैल को महासभा का स्थापना दिवस समारोह तथा युवक-युवती परिचय सम्मेलन के आयोजन के संबंध में चर्चा की गई. इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप सूर्यवंशी की सहमति से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के लिए डॉ. एल एन मालवीया को मनोनीत किया. बैठक में राष्ट्रीय महासचिव पंकज चौकसे, संयुक्त महासचिव प्रकाश राय, प्रदेश अध्यक्ष एचपी शिवहरे, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामकृष्ण चौकसे, प्रकाश मालवीय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे. पद ग्रहण करने के बाद डॉक्टर मालवीया ने समाज को एकजुट करने एवं प्रदेश के प्रत्येक गांव-गांव तक समाज के लोगों को जोड़ने की बात कही.

### उपन्यास 'जहाज पांच पाल वाला' पर हुई चर्चा



**भोपाल, 7 अप्रैल.** वनमाली सृजन पीठ और आईसेक्ट पब्लिकेशन द्वारा 'पाठ श्रृंखला' के अंतर्गत सविता भार्गव' के उपन्यास 'जहाज पांच पाल वाला' पर साहित्यिक चर्चा का आयोजन वनमाली सृजन पीठ, भोपाल के सभागार में किया गया. सर्वप्रथम सविता भार्गव ने अपने नवीन उपन्यास 'जहाज पांच पाल वाला' के कुछ अंशों का पाठ किया. उन्होंने कहा कि उपन्यास का कथानक और पृष्ठभूमि आज से तीस-चालीस वर्ष पूर्व की है. उस वक्त महिलाओं के जीवन के अपने संघर्ष, चुनौतियां, सीमाएं थीं. उनको ध्यान में रखते हुए यह उपन्यास रचा गया है. उन्होंने कहा कि कामकाजी महिला लेखिका के सामने बहुत सारी चुनौतियां होती हैं. उसको अपने पारिवारिक जीवन, रिश्ते नाते, कार्य और समाजिकता को निभाने हुए रचनाकर्म करना होता है. संतोष चौबे ने कहा कि सविता भार्गव ने 'जहाज पांच पाल वाला' के चुनिंदा अंशों का पाठ इतनी सुंदरता और भावनात्मकता के साथ किया है कि हम सभी स्तब्ध हैं. अच्छा पाठ भी वही होता है, जो आपको स्तब्ध कर दे.

## अमरनाथ यात्रा की तारीख शीघ्र घोषित की जाए

**भोपाल, 7 अप्रैल.** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल ने अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष व जम्मू कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर से अमरनाथ यात्रा की तारीख शीघ्र घोषित करने की मांग की है. मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल द्वारा इस संबंध में लेफ्टिनेंट गवर्नर को ट्वीट कर मांग की है कि अमरनाथ यात्रा 2026 यात्रा की तारीख शीघ्र घोषित की जाए, ताकि अमरनाथ यात्रा में सम्मिलित होने वाले कर्मचारी छुट्टी स्वीकृत करा सकें, रेलवे रिजर्वेशन कराने के साथ ही यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकें. गौरतलब है कि पिछले वर्ष 5 अप्रैल को यात्रा की तारीख घोषित कर दी गई थी.

# श्रोताओं की फरमाइश पर हुई गीतों की प्रस्तुति

▸ नववर्ष मेला महोत्सव में किया कलाकारों का सम्मान



**भोपाल, 7 अप्रैल. टीटी नगर दशहरा मैदान में चल रहे नववर्ष मेला महोत्सव में मंगलवार शाम 'जो तुमको हो पसंद वही बात कहेंगे' गाने से सांस्कृतिक आयोजन की शुरुआत हुई. इस गीत के बाद आरएस म्यूजिकल ग्रुप ने श्रोताओं को कहा कि जो तुमको हो पसंद वही गीत गाएंगे, और फिर श्रोताओं ने सदाबहार नगमों के साथ नए बॉलीवुड गीतों की फरमाइश कर दी.**

ग्रुप के राजेश्वर सिंह एवं अन्य कलाकार सुमधुर प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया. वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रचारक विजय शर्मा ने मंच पर कलाकारों का सम्मान किया. मेला समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता ने अतिथियों एवं कलाकारों का स्वागत किया. श्रोताओं के फरमाइशों को गायिका रानू सिंह ने आइए मेहरवां बैठिए शौक से लीजिए इश्क की इम्तिहान और बाबूजी धीरे चलना, प्यार में जरा संभालना गीत की प्रस्तुति से समां बांध दिया.अनमजीत ने एसपी बाला सुब्रमण्यम की आवाज में पहला पहला प्यार है, पहली पहली बार है और छूकर मेरे मन को किया तूने क्या इशारा जैसे सुपरहिट सॉन्ग्स की लाइव परफॉर्मेंस से श्रोताओं को पुराने दौर में पहुंचा दिया. गायक राजेश खड़का ने मुकेश के फेमस सॉन्ग कहीं दूर जब दिन ढल जाए, सांझ की दुल्हन बदन चुराए पेश किया.


**पहल** ▸ शांत पठन-पाठन के माध्यम से शहर में एक समूह का निर्माण

# भोपाल रीड्स ने मनाया 100वां संस्करण



**भोपाल, 7 अप्रैल. डिजिटल विचलनों और खण्डित एकाग्रता के इस दौर में भोपाल की एक अनोखी और शांत पहल लोगों को किताबों और एक-दूसरे से जुड़ने का नया तरीक़ा दे रही है. पाठकों का तेज़ी से उभरता एक समूह, 'भोपाल रीड्स' ने गत दिवस भारत भवन में अपना ऐतिहासिक 100वां संस्करण मनाया.**

शहर की अरुणिमा तिवारी और अस्मि सक्सेना द्वारा संयोजित इस साप्ताहिक आयोजन में लोग एक सार्वजनिक स्थान पर इकट्ठा होते हैं, न चर्चा करने के लिए, न बहस करने के लिए, बल्कि बस चुपचाप साथ बैठकर पढ़ने के लिए. एक साधारण विचार के रूप में शुरू हुई यह पहल, जिसका उद्देश्य पढ़ने को सार्वजनिक, सहज और आनंददायक बनाना था आज एक गहरे अर्थपूर्ण सामुदायिक अनुभव में बदल चुकी है. 100वें सत्र ने इस यात्रा को ख़ास बना दिया जहां बड़ी संख्या में लोग अपनी किताबों और एक-दूसरे के प्रति अपने लगाव का जश्न मनाने के लिए एकत्रित हुए.



# गांधीवादी मूल्यों के प्रति समर्पित थे रनसिंह परमार

▸ एकता परिषद का रूई से रूमाल, रूमाल से रोटी अभियान शुरू

**भोपाल, 7 अप्रैल. प्रख्यात समाजसेवी और गांधीवादी विचारक डॉ. रन सिंह परमार की स्मृति में सभा आयोजित की गई, जिसमें उनके जीवन, विचारों और सामाजिक योगदान को याद किया.**

बैठक में एकता परिषद के संस्थापक राजगोपाल पी.व्ही., मप्र विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, गांधी भवन न्यास के सचिव अंकित मिश्रा, रनसिंह के पुत्र अनूप, अतुल और भाई शिवराज सिंह सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए सामाजिक कार्यकर्ता, गांधीवादी विचारक, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए. स्मृति सभा का आयोजन एकता परिषद, गांधी भवन न्यास, भोपाल और राष्ट्रीय युवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया. आयोजन में गायिका सीमा बजाज ने 'कवन ठगवा नगरिया लूटल हों', 'झीनी-झीनी बीनी चदरिया', 'हो गई है भोर कब से', 'मत कर काया का अभिमान' सहित कबीर के दर्जनों निर्गुण भजन प्रस्तुत किए. इसके बाद गायक सारंग फगरे ने 'उड़ जाएगा हंस अकेला' सहित कबीर के कई लोकप्रिय निर्गुन भजनों की प्रस्तुति दी.

> एकता परिषद के संस्थापक राजगोपाल पी.व्ही. ने डॉ. रन सिंह को याद करते हुए कहा कि वे खादी के प्रति समर्पित थे. उनकी याद में 'रूई से रूमाल और रूमाल से रोटी' अभियान की शुरुआत कर रहे हैं. खादी का एक छोटा सा रूमाल हजारों लोगों की आजीविका का साधन बन सकता है. इस अभियान की शुरुआत करते हुए स्मृति सभा में खादी के रूमाल को वितरित किया गया. नेता प्रतिपक्ष सिंघार, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव शैलेंद्र शैली, पूर्व मंत्री डॉ. गोविन्द सिंह, वरिष्ठ पत्रकार प्रसून लतांत, सामाजिक कार्यकर्ता जयंत तोमर ने भी सभा को संबोधित कर रन सिंह के योगदान को याद किया.